प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-298
16/07/2017

मुख्यमंत्री ने अमरनाथ यात्री बस दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है

पटना, 16 जुलाई 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जम्मू–कश्मीर में जम्मू हाईवे के रामबन के पास अमरनाथ यात्री बस दुर्घटना को अत्यंत दुखद बताया है एवं दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने दुख की इस घड़ी में मृतकों के शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायल हुये लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी ईश्वर से कामना की है।

******